/

# कार्यालय, कलेक्टर एवं मिशन संचालक,
# राजीव गांधी शिक्षा मिशन, जिला उत्तर बस्तर, कांकेर

"रिक्त पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन"

क्रमांक/.570.../स्था./रा.गा.शि.मि./एस.एस.ए./2012 कांकेर दिनांक 23 /10/2012

जिला परियोजना कार्यालय, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय निम्नानुसार रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति अथवा संविदा नियुक्ति हेतु **दिनांक 15 नवम्बर 2012, कार्यालयीन समय तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं** –

| क्र. | पदनाम | अनिवार्य योग्यता | वांछनीय योग्यता | रिक्त पदों की संख्या | वेतनमान/ संविदा वेतन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | • कक्षा 12वीं बोर्ड उत्तीर्ण, अथवा<br>• कक्षा 10वीं बोर्ड द्वारा उत्तीर्ण एवं किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा उत्तीर्ण तथा,<br>• डाटा एन्ट्री आपरेटर/ प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय डिप्लोमा, कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रेजी में 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति। | • किसी शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्थान में कार्य करने का कम से कम 2 वर्ष का अनुभव। | ST-F 1<br>Total 1 | • निश्चित वेतन 9700/– प्रतिमाह एकमुश्त |
| 2 | सूचना प्रबंधन समन्वयक | • कक्षा 12वीं बोर्ड उत्तीर्ण अथवा<br>• कक्षा 10वीं बोर्ड द्वारा उत्तीर्ण एवं किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा उत्तीर्ण<br>• डाटा एन्ट्री आपरेटर/ प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय डिप्लोमा, कम्प्यूटर में हिन्दी एव अंग्रेजी में 8000 की (Key) स्नातक डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति। | • किसी शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्थान में कार्य करने का कम से कम 2 वर्ष का अनुभव। | UR 1<br>ST 4<br>SC 1<br>OBC 1<br>Total 7 | • निश्चित वेतन 8080/– प्रतिमाह एकमुश्त |
| 3 | सहायक ग्रेड–3 | • कक्षा 12वीं बोर्ड उत्तीर्ण,<br>• मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/ प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/ प्रमाण–पत्र तथा,<br>• कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति होना चाहिए। | • किसी शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्थान में कार्य करने का कम से कम 2 वर्ष का अनुभव। | ST 1<br>Total 1 | • निश्चित वेतन 8060/– प्रतिमाह एकमुश्त |

Collector
North Bastar Kanker

| क्र. | पदनाम | अनिवार्य योग्यता | वांछनीय योग्यता | रिक्त पदों की संख्या | वेतनमान/ संविदा वेतन |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | मोबाईल स्त्रोत कम लेखापाल | • वाणिज्य स्नातक,<br>• कम्प्यूटर में दक्षता। | • किसी सी.ए. के अधिन कार्य कम से कम 1 वर्ष का कार्यानुभव एवं टैली का ज्ञान | UR 5<br>ST 26<br>SC 3<br>OBC 5<br>**Total 39** | • निश्चित वेतन 8080/- प्रतिमाह एकमुश्त |

आवेदक निर्धारित प्रारुप में अपना आवेदन अंतिम तिथि तक **"कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक, जिला परियोजना कार्यालय, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, प्रथम तल, जिला पंचायत भवन, कक्ष क्रमांक 26, जिला उत्तर बस्तर कांकेर, 494334, छत्तीसगढ़"** के पते भेज/ जमा कर सकते हैं। विज्ञापित पदों की संख्या में कमी/ वृद्धि की जा सकती है। आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारुप, अन्य नियम एवं शर्ते कार्यालय जिला पंचायत एवं कार्यालय, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के नोटिस बोर्ड तथा जिला के वेबसाईट www.kanker.gov.in पर उपलब्ध है।

**कलेक्टर**
**एवं मिशन संचालक**
**सर्व शिक्षा अभियान, कांकेर**

# कार्यालय, कलेक्टर एवं मिशन संचालक,
# राजीव गांधी शिक्षा मिशन, जिला उत्तर बस्तर, कांकेर

क्रमांक/..568..../स्था./रा.गा.शि.मि./एस.एस.ए./2012 कांकेर दिनांक 23 /10/2012

**जिला परियोजना कार्यालय, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर संविदा भर्ती हेतु विज्ञापित डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, सूचना प्रबंधन समन्वयक, सहायक ग्रेड-03 एवं मोबाईल स्त्रोत कम लेखापाल के रिक्त पदों के लिए निर्धारित नियम एवं शर्ते नीचे अनुसार है -**

1. विज्ञापित पद के लिए केवल कांकेर जिला के मूलनिवासी पात्र होंगे। अभ्यार्थी को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी, कांकेर जिला के मूलनिवासी होने का सत्यापित प्रमाणपत्र अपने आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
2. आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, छत्तीसगढ़ निवासी, जाति, रोजगार पंजीयन, अनुभव, आर.सी.आई. पंजीयन प्रमाणपत्र आदि की छायाप्रति संलग्न करना होगा। संलग्न किये जा रहे समस्त दस्तावेज राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित/ सत्यापित होना चाहिए अन्यथा अभ्यार्थी को अपात्र घोषित कर दिया जायेगा।
3. अभ्यार्थी अपना आवेदन दिनांक 15 नवम्बर 2012, कार्यालयीन समय तक **"कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक, जिला परियोजना कार्यालय, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, प्रथम तल, जिला पंचायत भवन, कक्ष क्रमांक 26, जिला उत्तर बस्तर कांकेर, 494334, छत्तीसगढ़"** के पते पर डाक अथवा कोरियर के माध्यम से भेज सकते है अथवा व्यक्तिगत् जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथी के पश्चात् आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। लिफाफे के उपर आवेदित पद का नाम एवं वर्ग का उल्लेख किया जाय।
4. अभ्यार्थी को एक से अधिक पद के लिए पृथक-पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा। अगर किसी अभ्यार्थी के द्वारा एक ही आवेदन पत्र में दो या अधिक पदों के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जाता है तो उनकी सभी उम्मीद्वारी निरस्त कर दी जायेगी।
5. अभ्यार्थी को अपने आवेदन के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ तथा पाँच रूपये का डाक टिकट लगा हुआ लिफाफा संलग्न करना होगा।
6. इन पदों के लिए कम्प्यूटर में दक्षता का आकलन करने हेतु प्रायोगिक परीक्षा लिया जायेगा, जिसके लिए पृथक से अंक निर्धारित किये जायेंगे।
7. सभी पदों पर भर्ती के लिए सर्व प्राथमिकता अनुभवी अभ्यार्थियों को दी जायेगी। समिति के निर्णय अनुसार अनुभव के लिए पृथक अंक निर्धारित किये जा सकते हैं।
8. आवेदकों के चयन हेतु लिखित परीक्षा, प्रायोगिक/ कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार भी लिया जा सकता है।
9. नियुक्ति प्रकिया प्रारंभ होने से पूर्ण होते तक पदों की संख्या में परिवर्तन संभव है। पदों की संख्या कम या अधिक करने का पूर्ण अधिकार कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक राजीव गांधी शिक्षा मिशन, कांकेर के पास सुरक्षित होगा।
10. सभी संविदा नियुक्तियॉ अस्थायी है और केवल 31 मार्च 2013 तक के लिए होगी जो कार्यव्यवहार अच्छा होने पर तथा जिला के वार्षिक कार्ययोजना में बजट स्वीकृति होने पर आगामी एक वर्ष के अवधि के लिए पुनः बढ़ाई जायेगी।
11. सर्व शिक्षा अभियान के प्रावधान के तहत् ये सभी पद अस्थाई रूप से योजना अवधि के लिए होंगे तथा इन पदों पर संविदा भर्ती से राजीव गांधी शिक्षा मिशन अथवा राज्य शासन का कोई स्थायी दायित्व निर्मित नहीं होगा।
12. संविदा भर्ती हेतु अधिकतम आयु 35 वर्ष होगी। आयु सीमा में छूट के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग के समय-समय पर जारी निर्देश लागू होंगे।
13. इन पदों पर नियुक्ति की प्रकिया जिला स्तर पर गठित जिला नियुक्ति समिति द्वारा तय की जायेगी। अनुभवी व्यक्ति को प्राथमिकता दी जायेगी, परन्तु अंतिम निर्णय लेने का अधिकार नियुक्ति समिति को होगा। इस पर किसी प्रकार का अभ्यावेदन या अपील ग्राहय योग्य नहीं होगी।

Collector
North Bastar Kanker

14. पद क्रमांक 1 एवं 3 जिला स्तरीय पद है, शेष सभी पद विकासखण्ड स्तरीय पद है।

15. जिस पदनाम में मोबाईल का संबोधन है उस पद के कार्य की प्रवृत्ति मोबाईल होगी अर्थात नीचे स्तर (विद्यालय, ग्राम) पर निरन्तर भ्रमण, दौरा रहेगा। इसके लिए स्वंय का वाहन हो तो सर्वोत्तम होगा। क्योंकि कार्य की प्रवृत्ति ही मोबाईल है, अतः पृथक से यात्रा भत्ता अथवा अन्य कोई भत्ते का प्रावधान नहीं होगा।

16. संविदा नियुक्त कर्मचारियों को निश्चित एवं समेकित वेतन दिया जाएगा।

17. सेवा समाप्ति के बाद कर्मियों को किसी भी प्रकार की पेंशन या अन्य राशि नहीं दी जाएगी।

18. सभी कर्मियों का गोपनीय प्रतिवेदन लिखा जायेगा ताकि उनके कार्यो का मूल्यांकन किया जा सके।

19. नियुक्त कर्मियों को वर्ष में 13 दिन का आकस्मिक और 3 दिन की ऐच्छिक अवकाश की पात्रता होगी।

20. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय–समय पर जारी आरक्षण संबंधी निर्देशों का पालन किया जावेगा।

21. संविदा नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई एवं बिना कारण बताये कभी भी सेवा समाप्त की जा सकती है।

22. पद क्रमांक 1 एस.टी. महिला वर्ग के लिए आरक्षित है तथा पद क्रमांक 3 एस.टी. (मुक्त) वर्ग के लिए आरक्षित है।

23. अन्य शेष पदों के लिए आरक्षण निम्नानुसार है –

**पदनाम – मोबाईल स्त्रोत कम लेखापाल**

| A. Category wise Vacancy against sanctioned | | | | B. Vacancy reserved for female from column A against sanctioned | | | | C. Vacancy reserved for Disabled from column A against sanctioned | | | | D. Vacancy reserved for Ex-serviceman from column A against sanctioned | | | | E. Vacancy for Open Category from column A against sanctioned | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| UR | SC | ST | OBC | UR | SC | ST | OBC | UR | SC | ST | OBC | UR | SC | ST | OBC | UR | SC | ST | OBC |
| 5 | 3 | 26 | 5 | 2 | 1 | 7 | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 3 | 2 | 14 | 3 |

**पदनाम – सूचना प्रबंधन समन्वयक**

| A. Category wise Vacancy against sanctioned | | | | B. Vacancy reserved for female from column A against sanctioned | | | | C. Vacancy reserved for Disabled from column A against sanctioned | | | | D. Vacancy reserved for Ex-serviceman from column A against sanctioned | | | | E. Vacancy for Open Category from column A against sanctioned | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| UR | SC | ST | OBC | UR | SC | ST | OBC | UR | SC | ST | OBC | UR | SC | ST | OBC | UR | SC | ST | OBC |
| 1 | 1 | 4 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 3 | 1 |

24. संविदा नियुक्ति के लिए आवेदन कर रहे अभ्यार्थियों का राज्य के किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना आवश्यक होगा।

25. लिखित परीक्षा, भौतिक सत्यापन, साक्षात्कार आदि के लिए उम्मीद्वार को स्वयं के व्यय पर उपस्थित होना होगा।

26. भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित वर्ग के अभ्यार्थी नहीं मिलने पर उसी जाति वर्ग के सामान्य अभ्यिार्थी से रिक्त पद भरे जा सकते हैं। इस पर निर्णय का अधिकार समिति के पास सुरक्षित है।

कलेक्टर
एवं मिशन संचालक
सर्व शिक्षा अभियान, कांकेर

राजीव गांधी शिक्षा मिशन जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा विज्ञापित रिक्त पदों पर भर्ती हेतु
**आवेदन–पत्र का निर्धारित प्रारूप**

| राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित नवीनतम् छायाचित्र |
|---|

प्रति,

कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक
राजीव गांधी शिक्षा मिशन
जिला उत्तर बस्तर कांकेर।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदित पद का नाम | ---------------------------------------- |
| 2 | आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) | ---------------------------------------- |
| | (अग्रेंजी में) | ---------------------------------------- |
| 3 | लिंग | ---------------------------------------- |
| 4 | पिता का नाम | ---------------------------------------- |
| 5 | अ पत्र व्यवहार का पता दूरभाष कमांक सहित | ---------------------------------------- <br> ---------------------------------------- |
| | ब स्थाई पता दूरभाष कमांक सहित | ---------------------------------------- <br> ---------------------------------------- |
| 6 | अ जन्म तिथि अंकों में | [ ] |
| | ब दिनांक 30/09/2012 को आयु | वर्ष [ ] माह [ ] दिन [ ] |
| 7 | क्या आवेदक जिला कांकेर का मूल निवासी है? **हॉ/ नहीं (प्रमाणपत्र संलग्न करें)** | ---------------------------------------- |
| 8 | क्या आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी है? **हॉ/ नहीं (प्रमाणपत्र संलग्न करें)** | ---------------------------------------- |
| 9 | श्रेणी (अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ अनारक्षित) **(आरक्षित वर्ग प्रमाणपत्र संलग्न करें)** | ---------------------------------------- |
| 10 | क्या आवेदक विवाहित है? यदि हाँ तो विवाह की तिथी | ---------------------------------------- |
| 11 | जीवित संतानों की संख्या (बच्चों का नाम/ लिंग/ जन्मतिथि सहित) | **1.** ---------------------------------------- <br> **2.** ---------------------------------------- |
| 12 | विकलांग? हाँ/ नहीं (हाँ की दशा में सक्षम प्राधिकारी जिला मेडिकल बोर्ड प्रमाणपत्र की सत्यप्रतिलिपि संलग्न करें) | ---------------------------------------- |

कमशः....2

Collector
North Bastar Kanker

13 क्या आप भूतपूर्व सैनिक हैं ? हाँ/ नहीं (हाँ की दशा में प्रमाणपत्र की सत्यप्रतिलिपि संलग्न करें) ------------------------------------------------

14 शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता

| क्र | उत्तीर्ण परीक्षा (कक्षा 12वीं से प्रारंभ करें) | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/ वि.वि. का नाम | विषय | अंक | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | पूर्णांक | प्राप्तांक |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

15 वर्तमान व्यवसाय/ कार्य/ धारित पद (यदि हो) ------------------------------------------------

16 कार्यानुभव का विवरण (यदि हो)

| क्र | कार्यालय/ संस्था | धारित पद | से (दिनांक) | तक (दिनांक) | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

17 रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन क्रमांक व दिनांक ------------------------------------------------

------------------------------------------------

------------------------------------------------

18 संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची

1.................... 2. ....................
3.................... 4. ....................
5.................... 6. ....................

आवेदक का हस्ताक्षर
नाम एवं पूरा पता

**घोषणा–पत्र**

मैं एतद् द्वारा घोषित करता/ करती हूँ कि मैंने विज्ञापित पात्रता एवं अन्य नियम/ शर्तों को ध्यान से पढ़/ समझ लिया है। मैं यह भी घोषणा करता/ करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दिये गये विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम् जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि झूठे पाये जाते हैं या यह पाया जाता है कि मेरे द्वारा तथ्यों को छिपाया गया है तो मेरी उम्मीद्वारी/ नियुक्ति निरस्त किये जाने योग्य होगी तथा मेरे विरूद्ध वैद्यानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

स्थान : ....................
दिनांक : ..................

Collector
North Bastar Kanker

आवेदक का हस्ताक्षर
नाम एवं पूरा पता